दिनांक: 22.12.2023

आईईएमएल, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में 08 से 10 जनवरी, 2024 तक आयोजित होने वाले इंडसफूड के 7वें संस्करण में एपीडा की भागीदारी

प्रिय निर्यातक,

एपीडा द्वारा **इंडसफूड 2024** में भागीदारी ली जा रही है जो 08 से 10 जनवरी, 2024 तक आईईएमएल, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में आयोजित किया जाएगा । वर्ष 2023 में आयोजित इंडसफूड का पूर्व संस्करण काफी सफल रहा। यह अखिल विश्व के कई कृषि एवं प्रसंस्कृत उत्पादों के आयातकों और निर्यातकों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय भी है।

प्रदर्शनी को भारतीय कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए सौंदर्यपूर्ण रूप से डिजाइन किया जाएगा। इवेंट के महत्व को ध्यान में रखते हुए , पूर्वोत्तर क्षेत्र और हिमालयी राज्यों के स्टार्टअप, एफपीओ/एफपीसी, महिला उद्यमियों और निर्यातकों के लिए विशेष भागीदारी की जा रही है। उपर्युक्त श्रेणियों के एपीडा के सदस्य निर्यातकों के लिए मानार्थ आधार पर आवंटन के लिए 9 वर्ग मीटर आकार के लगभग 45 निर्मित स्टॉल लगाए जाएंगे।

इच्छुक भागीदार नीचे दिए गए लिंक के अनुसार आवेदन प्रपत्र भर सकते हैं:-

https://forms.gle/wk9CcJzDhtCTt3kR6

आवेदन 28.12.2023 को शाम 05 बजे तक जमा किया जाए।

स्टाल का आवंटन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। पुष्टि किए गए भागीदारों को आवंटित स्टालों पर पेस्ट करने के लिए 3' X 6' फीट के 3 विनाइल पोस्टर लगाने होंगे।

किसी भी प्रश्न के लिए , सुश्री रेशमा बोरा , बीडीएम, एपीडा, मोबाइल नं. 8394874386, ईमेल आईडी- consaep2@apeda.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

धन्यवाद,

भवदीय,

मान प्रकाश विजय
उप महाप्रबंधक